भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1423
जिसका उत्तर दिनांक 28.07.2021 को दिया जाना है

के.एन.पी.पी.

1423. श्री पी. रविन्द्रनाथ :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तमिलनाडु राज्य में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केएनपीपी) में प्रस्तावित पांचवी इकाई की स्थापना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) ने तमिलनाडु राज्य में कुडनकुलम गांव या आसपास के जिले में और उसके आसपास जो सीएसआर क्रियाकलाप शुरू करने की योजना बनाई है, उसका ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) कुडनकुलम नाभिकीय विद्युत परियोजना (केकेएनपीपी 5 एवं 6) की यूनिट 5 एवं 6 का निर्माण कार्य दिनांक 29 जून, 2021 को कंक्रीट की प्रथम भराई (एफपीसी) के साथ आरम्भ हुआ ।

(ख) न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास, स्वच्छता, आधारभूत संरचना एवं धारणीय विकास के क्षेत्रों में केकेएनपीपी स्थल के आस-पास सीएसआर गतिविधियां चला रहा है । एनपीसीआईएल चेंगलपट्टू जिले में कल्पाक्कम में मद्रास परमाणु बिजलीघर (एमएपीएस) के आस-पास भी सीएसआर गतिविधियां चला रहा है । इसके अतिरिक्त, एनपीसीआईएल ने तमिलनाडु में विरूदुनगर और रामानाथपुरम् के पहचान किए गए महत्वाकांक्षी जिलों में भी सीएसआर गतिविधियां आरम्भ की हैं ।

* * * * *